# चल एक बार खाटू वाले के द्वार भजन लिरिक्स

चल एक बार खाटू वाले के द्वार,
तेरा हर एक काम सफल होगा,
चल एक बार खाटु वाले के द्वार।bd।

---

बिगड़ी बात बनाये,
वो टूटे रिश्ते जोड़े,
वादा करता है जो भी,
उन वादों को ना तोड़े,
डूबों को उबारे,
वो खाली हाथ ना छोड़े,
हारों का बने सहारा,
वो साथ कभी ना छोड़े,
और खाली हाथ ना मोड़े,
होगी ना हार खाटू वाले के द्वार,
तेरा हर एक काम सफल होगा,
तेरी हर मुश्किल का हल होगा,
चल एक बार खाटु वाले के द्वार।bd।

---

श्याम धणी के द्वारे,
आये जो ग़म के मारे,
दर्शन करके बाबा के,
हो जाए वारे न्यारे,
सच्चे मन से जो भी,
बाबा का नाम पुकारे,
उन भक्तों के बाबा भी,
सारे ही काज सँवारे,
और खूब भरे भंडारे,
होगा उद्धार खाटू वाले के द्वार,
तेरा हर एक काम सफल होगा,
चल एक बार खाटु वाले के द्वार।bd।

---

खाटू में आते ही,
सब रोग दोष कट जाएँ,
कोई चिंता नहीं सताए,
ग़म के बादल छंट जाएँ,
बाबा के बाणो से,
दुश्मन पीछे हट जाएँ,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा की कृपा से तो,
दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ,
दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ,
हो बेडा पार खाटू वाले के द्वार,
तेरा हर एक काम सफल होगा,
तेरी हर मुश्किल का हल होगा,
चल एक बार खाटु वाले के द्वार।**bd**।

---

चल एक बार खाटू वाले के द्वार,
तेरा हर एक काम सफल होगा,
चल एक बार खाटु वाले के द्वार।**bd**।

**Singer & Writer – Sunil Sarvottam**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com